रोल नं. ................ **NLCS/10/हिन्दी(002) /130**

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2024–2025

**समय अवधि 3 घंटे** **पूर्णांक 80**

**खण्ड - क**

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 7

आज विश्व शांति की आवश्यकता बहुत अधिक और तेज हो गई है। इस अशांति के कई कारण है। इनमें से मुख्य कारण यह भी है कि आज विश्व के अनेक सबल राष्ट्र दूसरे निर्बल और शक्तिहीन राष्ट्र को अपने चंगुल में फँसाए रखने के लिए भारी उद्योग किया करते हैं। इसके लिए वह अपने निजी शक्ति और आवश्यकताओं को बढ़ाते ही जा रहे हैं इसके साथ ही अपने समर्थकों को अन्य शक्तिहीन और छोटे राष्ट्रों के प्रति उकसाने की कोशिश में बराबर लगे रहते हैं। इस प्रकार से आज पूरा विश्व कई भागों में बँटा हुआ परस्पर विनाश के गर्त में पहुँचने के लिए नित्य उद्योग करते हुए दिखाई देता है। इसलिए आज विश्व शांति की आवश्यकता बढ़ती जा रही है।

विश्व शांति कैसे और किस प्रकार से हो सकती है? यह एक विचारणीय प्रश्न है। इस विषय के लिए हम यह कह सकते हैं कि विश्व शांति के लिए भाईचारे की भावना सबसे पहले जरूरी है। भाईचारे मेल मिलाप की भावना और परस्पर हित चिंतन की भावना विश्व शांति की दिशा में महान कदम और सार्थक कार्य होगा। परस्पर दुख - सुख की भावना और कल्याण स्थापना की भावना विश्व शांति के लिए ठोस कदम होगा। विश्व शांति के लिए अपने ही समान समझना और अपने ही समान आचरण करना एक ठोस और प्रभावशाली विचार होगा। अगर इस तरह की सद्भावना और श्रेष्ठ विचार प्राणी- प्राणी के मन में उत्पन्न हो जाएगा तो किसी प्रकार से विश्व में अशांति और अव्यवस्था की भावना नहीं हो सकती है। बढ़ी हुई दुर्भावनाएँ समाप्त हो सकती है।

1. विश्व अशांति का प्रमुख कारण क्या है। 1
   (क) सबल राष्ट्र निर्बल और शक्तिहीन राष्ट्र को अपने चंगुल में फँसाए रखने का प्रयास करते हैं।
   (ख) विकसित देशों में प्रदूषण की समस्या
   (ग) सबल राष्ट्रों द्वारा अपने धनबल को दिखाने के पराक्रम के कारण
   (घ) उपर्युक्त सभी

2. विश्वशांति के लिए सबसे पहले क्या जरूरी है? 1
   (क) एक दूसरे को नीचा दिखाने की भावना (ख) भाईचारे की भावना
   (ग) प्रशासन को सख्त बनाना (घ) विकास की गति को रोकना

3. हमारे अंदर किस प्रकार सज्जनता और मानवता उत्पन्न हो सकती है? 1
   (क) जब हम भौतिकवादी–दृष्टिकोण का परित्याग कर सकेंगे। (ख) जब हम प्रकृतिवादी–दृष्टिकोण का परित्याग कर सकेंगे।
   (ग) जब हम प्रकृतिवादी–दृष्टिकोणों का परित्याग कर सकेंगे। (घ) जब हम दुर्जनता और दानवता को आत्मसात कर सकेंगे।

लघूत्तरात्मक प्रश्न 2×2=4

4. आज विश्व शांति खतरे में क्यों है?
5. विश्व शांति स्थापित करने में क्या प्रयास होने चाहिए –

प्र.2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

मैं जब कभी अकेला होता हूँ, मुझे मेरी माँ का प्यार याद आता है
सोचकर वक्त के उस दौर को मेरा रोम-रोम हर्षित हो जाता है।
याद आता है जब माँ मेरी मुझे सप्रेम खिलाया करती थी,
दुलारती हुई-सी वह मुझे गोदी में बिठाया करती थी.
नाज-नखरों को भी वह मेरे तब हँस-हँस के उठाया करती थी।
याद आता है जब कभी मै रोता था, वह मुझे सीने से लगाया करती थी,
बेटा मेरा शेर बनेगा, कहती हुई वह मुझे दूध पिलाया करती थी।
याद आता है जब कभी में डरता था, ममता-भरे आँचल में वह मुझे छुपाया करती थी
और सुना मीठी लोरी वह मुझे प्यार से सुलाया करती थी।
याद आता है वह अँधेरा देख जिससे मैं घबराता था.
दौड़ के फिर माँ से अपनी लिपट मैं जाता था. फेर हाथ सिर पर वह मेरे तब डर को दूर भगाया करती थी।
अब याद आता है, हर वह पल जब माँ की ममता में एक गहराई थी.
माँ के आँचल की ठंडी छाँव में, अपने बचपन की
अनमोल घड़ियाँ कुछ इस तरह मैंने बिताई थीं।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न. 1×3

1. माँ डर को कैसे दूर भगाया करती थी ?
   क) हँस-हँसकर ख) गोदी में बैठा कर ग) आँचल में छुपा कर घ) सिर पर हाथ फेर कर
2. माता के आँचल को कवि ने क्या कहा है?
   क) अनमोल घड़ियाँ ख) ममता की गहराई ग) आँचल की ठंडी छाँव घ) उपरोक्त सभी
3. माँ कवि को किसके समान मानती है ?
   क) शेर (ख) चीता (ग) हंस (घ) गज

लघूत्तरात्मक प्रश्न. 2×2=4

4. लेखक का रोम रोम कब हर्षित हो जाता है?
5. कवि को मां का प्यार कब-कब याद आता है?

**खंड - ख** ( व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित प्रश्न )

प्र.3 (i) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए - 1×3=3

| कालम-1 | कॉलम-2 |
|---|---|
| 1. धैर्यवान सदा सुखी रहते हैं। | मिश्रवाक्य |
| 2. बालगोबिन जानते हैं कि बुढ़ापा आ गया। | संयुक्त वाक्य |
| 3. मजदूर मेहनत करता है लेकिन उसे उसका लाभ नहीं मिलता। | सरल वाक्य |

(ii) निम्नलिखित में से किसी एक वाक्य को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए- 1

गुरुदेव आराम कुर्सी पर बैठकर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे थे। (संयुक्त वाक्य)

अथवा

मन्नू जी की साहित्यिक उपलब्धियाँ थी जिन पर उन्हें अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। ( सरल वाक्य )

प्र.4 निम्नलिखित में से किन्हीं चार वाक्यों की निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तित कीजिए– 1×4=4

1. बालगोबिन भगत की बहू ने भगत को दुनियादारी से निवृत कर दिया था।( कर्मवाच्य )
2. हमारे द्वारा कष्ट को सहन नहीं किया जाएगा। ( कर्तृ वाच्य )
3. अशोक कॉपी में निबंध लिखेगा। ( भाववाच्य )
4. हम सोते है। ( भाव वाच्य )
4. मई महीने में शीला अग्रवाल को कॉलेज वालों ने नोटिस थमा दिया। ( कर्मवाच्य )

प्र.5 रेखांकित पदों में से किन्हीं चार पदों का परिचय दीजिए- 1×4=4

1. एक शर्त रखी कि मैं <u>भारत</u> जाऊँगा।
2. घर <u>के सामने</u> एक बगीचा है।
3. ताजे खीरे की <u>पनियाती</u> फाँके देखकर मुँह में पानी आ रहा था।
4. मन की <u>कोमलता</u> अकसर चोंट खा जाती है।
5. मेरी बात पर वह <u>बहुत</u> हंसा।

प्र.6 निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार बताइए - 1×4=4

1. उसकी स्मृति पाथेय बनी है थके पथिक के पंथा की।
2. बढ़त देखि जल सम वचन बोले रघुकुल भानु।
3. उस काल मारे क्रोध के, तनु काँपने उसका लगा ।
   मानो हवा के जोर से सोता हुआ सागर ।।
4. मानवीकरण अलंकार अथवा अतिशयोक्ति अलंकार का एक-एक उदाहरण लिखिए।

**खण्ड - ग** ( पाठ्य पुस्तकों पर आधारित प्रश्न )

प्र.7 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए - 1×5=5

हम गौर कर रहे थे, खीरा इस्तेमाल करने के इस तरीके को खीरे की सुगंध और स्वाद की कल्पना से संतुष्ट होने का सूक्ष्म, नफीस या एबस्ट्रैक्ट तरीका जरूर कहा जा सकता है, परंतु क्या ऐसे तरीके से उदर की तृप्ति भी हो सकती है।

नवाव साहब की ओर से भरे पेट के ऊँचे डकार का शब्द सुनाई दिया और नवाब साहब ने हमारी ओर देखकर कह दिया, 'खीरा लजीज होता है लेकिन होता है सकील, नामुराद मेदे पर बोझ डाल देता है।'ज्ञान-चक्षु खुल गए। पहचाना ये हैं नई कहानी के लेखक !

(i) लेखक ने किसे शिष्टता और कोमलता का तरीका कहा है?
क) खीरे को धीरे-धीरे तीलिये से साफ करने को। (ख) खोरे की फाकों को सावधानी से काटने को।
(ग) खीरे की खाकर स्वाद प्राप्त करने को। (घ) काटना, नमक-मिर्च डालकर खीरे को सूँघकर फेंक देने को।

(ii) लेखक के अनुसार सूक्ष्म तरीका क्या है।
(क) केवल खाकर संतुष्टि प्राप्त करना (ख) केबल सूँघकर संतुष्टि प्राप्त कर लेना
(ग) केवल देखकर संतुष्टि प्राप्त करना (घ) केवल फेंककर संतुष्टि प्राप्त करना

(iii) नवाब साहब ने खीरे के बारे में क्या बताया।
(क) खीरा लजीज होता है। (ख) उसे देखते ही मुँह में पानी आ जाता है।
(ग) उसे खाने की इच्छा होती है। (घ) उपर्युक्त सभी।

(iv) खीरे से क्या परेशानी होती है?
(क) यह महंगा होता है। (ख) यह जल्दी खराब होता है।
(ग) यह आमाशय पर बोझ डालता है। (घ) इनमें से कोई नहीं।

(v) 'ज्ञान-चक्षु खुल गए।' लेखक ने ऐसा क्यों कहा?
(क) लेखक को नया ज्ञान प्राप्त हुआ। (ख) लेखक ने जाना कि इच्छा-मात्र से नई कहानी बन सकती है।
(ग) लेखक को खीरे के महत्व के बारे में पता चला। (घ) उन्हें खीरे के लाभ के बारे में पता चला।

प्र.8 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। 1×5=5

मधुप गुनगुना कर कह जाता है कौन कहानी यह अपनी,
मुरझा कर गिर रही पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत नीलिमा में असंख्य जीवन इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य मलिन उपहास
तब भी कहते हो - कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती ।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे वह यह गागर रीती ।

1. यह काव्यांश किस पाठ से लिया गया है ?
क) उत्साह. ख) आत्मकथ्य ग) जीवन इतिहास घ) अनंत नीलिमा
2. कवि जीवन की दुर्बलताओं को क्यों नहीं लिखना चाहते ?
क) दूसरे लोग कवि का मजाक उड़ाएँगे ख) कवि के पास समय नहीं
ग) अपनी कमजोरी को जग -जाहिर नहीं करना चाहते घ) क तथा ग दोनों सही है
3. कवि ने अपने मन को क्या कहा है ?
क) गागर ख) मधुप ग) नीलिमा घ) इतिहास
4. 'गागर रीती' किसका प्रतीक है ?
क) असफल जीवन का ख) सफल जीवन का ग) खाली घड़े का घ) जीवन की शून्यता का
5. काव्यांश में पत्तियाँ शब्द से क्या तात्पर्य है ?
क) हरे भरे पत्तों के लिए ख) इच्छा और आकांक्षा के लिए
ग) जीवन में मिलने वाले सुख तथा आनंद के लिए घ) जीवन में मिलने वाले दुख तथा पीड़ा के लिए

प्र.9 निम्नलिखितकिन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में दीजिए। 2×3=6

1. कवि की आँख फागुन की सुंदरता से क्यों नहीं हट रही है ?
2. उत्साह कविता के आधार पर कवि ने किसे संबोधित किया है और क्यों?
3. गोपियाँ श्रीकृष्ण को राजा के किन कर्तव्यों का याद दिलाती है ?
4. "हमारे हरि हारिल की लकरी" पंक्ति के माध्यम से गोपियों का कृष्ण के प्रति एकनिष्ठ प्रेम को अभिव्यक्त कीजिए।

प्र.10 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर लगभग 30 से 40 शब्दों में दीजिए- 2×3=6

1. कस्बे में नगर पालिका क्या-क्या काम करवाती थी नेताजी का चश्मा पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए-
2. बाल गोबिन भगत पाठ में किन सामाजिक बुराइयों पर प्रहार किया गया है ?
3. मन्नू भंडारी ने डॉक्टर अंबालाल की जी के द्वारा की गई प्रशंसा को उनका स्नेह क्यों माना?
4. सन् 46 - 47 में हर शहर का चरित्र एक जैसा था। 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर मन्नू जी की आजादी के आंदोलन में भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

प्र.11 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में दीजिए– 4×2=8

1. माता का आंचल पाठ में आपने देखा कि भोलानाथ अधिकतर खेल मित्रों के साथ ही खेला करते थे। आप अपने जीवन में ऐसे कौन से खेल खेलना पसंद करेंगे, जो आपकी मित्रता को और अधिक घनिष्ठ बनाने में मदद कर सकें?

2. 'कटाओ' पर किसी भी दुकान का ना होना उसके लिए वरदान है – इस कथन के पक्ष में अपनी राय व्यक्त कीजिए–

अथवा

देश की सीमा पर बैठे फौजी किस तरह की कठिनाइयों से जूझते हैं, उनके प्रति हमारा क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए ? साना साना हाथ जोड़ी पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**खंड – घ** ( लेखन )

प्र.12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 से 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 6

1. पर्यावरण संरक्षण समय की मांग

संकेत बिन्दु – * मानव और पर्यावरण में अटूट संबंध * संरक्षण की आवश्यकता क्यों * संरक्षण की योजनाओं का प्रभाव * सुझाव

अथवा

सोशल साइट्स और विद्यार्थी

संकेत बिंदु – * सोशल साइट्स का प्रभाव * सोशल साइट्स की उपयोगिता * सोशल साइट्स से होने वाली हानियाँ

- निष्कर्ष

अथवा

ऑनलाइन खरीदारी समय की मांग

संकेत बिंदु – * ऑनलाइन खरीदारी से अभिप्राय बदलते समय की आवश्यकता

* खरीदारी करते समय ध्यान देने योग्य बातें एवं सावधानियाँ

* ऑनलाइन खरीदारी से होने वाली हानियाँ

प्र.13 आप किसी ग्रामीण क्षेत्र के निवासी हैं जहाँ घरों में शौचालय नहीं होने के कारण कई प्रकार की असुविधा वहाँ के नागरिकों को उठानी पड़ती है इस बारे में नगर पालिका को सूचित करते हुए शौचालय बनवाने का अनुरोध कीजिए। ( शब्द सीमा 100 ) 5

अथवा

आपकी छोटे भाई / बहन को एक आवासीय विद्यालय में एक मास पूर्व प्रवेश दिलवाया गया उसको मित्रों के चुनाव से संबंधित सावधानी बरतने के लिए समझाते हुए पत्र लिखिए।

प्र.14 आपका नाम दिव्य या दिव्या है अपने इसी वर्ष स्नातक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है अपनी शिक्षण योग्यताओं के बारे में बताते हुए किसी विद्यालय में अध्यापक के रिक्त पद हेतु संक्षिप्त में स्ववृत में तैयार कीजिए। 5

अथवा

आप वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण करना चाहते हैं इसकी जानकारी देते हुए वन विभाग को ई-मेल कीजिए।

प्र.15 भारत सरकार की ओर से 'अमृतम जलम' अभियान को सफल बनाने के लिए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 4

अथवा

नवरात्रि महोत्सव की शुभकामनाएँ देते हुए अपने मित्र को शुभ संदेश लिखिए।

*****